# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 11.07.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच द्विपक्षीय व्यापार हो जाएगा दोगुना ।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में 'मेरा युवा–मेरा गौरव सम्मेलन 2026' का उद्घाटन किया।**
- **विश्व जनसंख्या दिवस पर आज प्रदेश में भी जनजागरूकता रथ और रैली के साथ विश्व जनसंख्या सप्ताह की शुरुआत हुई।**
- **अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान**

**पीएम मोदी–न्यूज़ीलैंड दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच आज ऑकलैंड में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों ने रक्षा, पशुपालन एवं डेयरी, पर्यटन, खेल और आपदा प्रबंधन से जुड़े पाँच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि न्यूज़ीलैंड अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड की अपनी तीन देशों की यात्रा पूरी करने के बाद भारत के लिए रवाना हो गए।

**युवा सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में 'मेरा युवा–मेरा गौरव सम्मेलन 2026' का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में राज्य भर से लगभग पांच हज़ार युवाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 युवा कल्याण का वर्ष होगा। युवाओं को सरकार की योजनाओं से जोड़कर प्रदेश के विकास और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाया जाएगा। वहीं महू के युवा किसान जितेन्द्र पाटीदार ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण किसानों की आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार है। मार्केटिंग और डिजिटल तकनीक से प्राकृतिक उत्पादों को सीधे बाजार तक पहुंचाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। सम्मेलन का उद्देश्य राज्य के विकास और नीति निर्माण प्रक्रिया में युवाओं को शामिल करना था। कॉन्क्लेव में शिक्षा, खेल, कृषि और स्वास्थ्य सहित 10 प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा हुई ।

**शाह–पुस्तकालय**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में जय प्रकाश नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शाह ने युवाओं से पुस्तकालयों में जाने का आग्रह करते हुये कहा कि पुस्तकें, व्यक्तिव्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। श्री शाह ने कहा कि महान क्रांतिकारी और विचारक, जय प्रकाश नारायण ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया । उन्होंने कहा कि देश और उसकी जनता को समझने के लिए पढ़ने की आदत होना अत्यंत महत्वूपर्ण है। श्री शाह ने कहा कि पुस्तकालय, राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और इनके जरिए देश की संस्कृति और ज्ञान परंपरा की जानकारी लोगों तक पहुंचती है।

## लाडली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल रविवार को जिला भिंड के लहार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना" के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 1835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा अंतरण करेंगे। मध्यप्रदेश सरकार की इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को योजना की शुरुआत से अब तक की 38वीं नियमित मासिक किश्त का भुगतान किया जाएगा।

## पुण्योदय प्रकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा ही समाज में परिवर्तन लाने का सबसे बड़ा और सशक्त माध्यम है। हमारे सांदीपनी विद्यालय, पीएमश्री स्कूल और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में प्रदेश में शिक्षा की त्रिवेणी बन रही है। आज इन्दौर में हिन्द रक्षक पुण्योदय प्रकल्प के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने प्राथमिक स्कूली शिक्षा स्तर पर ड्रॉप–आउट दर को शून्य करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। हमारे सांदीपनि विद्यालय मॉडल की पूरे देश में सराहना हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं।

## विश्व जनसंख्या दिवस

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाने वाला यह दिन बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जनसंख्या से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना और सतत विकास की दिशा में प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का विषय है–युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना – आज और भविष्य के लिए। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वैच्छिक परिवार नियोजन, जागरूक निर्णय और स्वस्थ परिवार, समावेशी तथा सतत विकास की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर प्रदेश में भी जनजागरूकता रथ और रैली के साथ विश्व जनसंख्या सप्ताह की शुरुआत हुई। इस दौरान 18 जुलाई तक विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मौसम

प्रदेश में फिलहाल तेज बारिश से कुछ राहत मिलने वाली है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी रहेगा और कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। अगले 24 घंटों के दौरान नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने बताया कि 14 जुलाई से कुछ जिलों में एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

- गुना में आज मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग ने लंबित प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई की।
- खंडवा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आगामी 13 जुलाई को आयोजित होगी।
- देवास जिले में डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को शून्य पर लाने के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया अभियान का संचालन किया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में दस्तक अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त तक जिले भर में संचालित किया जाएगा।
- नर्मदापुरम शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी कंपनियों और स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने के लिए 15 जुलाई को नर्मदापुरम में युवा संगम रोजगार और स्वरोजगार मेले का आयोजन होगा।
- जबलपुर में व्यापार और उद्योग जगत में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की विमेंस विंग का कार्यक्रम कल रविवार को आयोजित किया जाएगा।

———————————